SEM-3, SC-302, BY-Dr. Shyam Bihari Chaudhary
Asst. Prof. (MMHAPU)

Date 10|12|2020
Page (1)

TOPIC - SOIL EROSION
भूमि/मृदा/अपरदन/विनाश

Erosion - the act of eating away - काट/नाश (Dictionary)

भूमि या मृदा जीवमण्डल का आधार है। मृदा की गुणवत्ता उसमें उपस्थित पोषक तत्वों, जीवाश्म, नमी और तापमान से नियन्त्रित होती है। विभिन्न कारणों से मृदा की गुणवत्ता नष्ट होने लगती है तो उसे मृदा प्रदूषण कहते हैं। मृदा प्रदूषण को भूमि प्रदूषण अथवा भू-प्रदूषण भी कहते हैं।

मृदा के भौतिक, रासायनिक एवं जैविक गुणों में प्राकृतिक या मानवीय कारणों से होनेवाले अवांछनीय परिवर्तन को जिससे मृदा की प्राकृतिक गुणवत्ता व उपयोगिता नष्ट हो तथा जिसका प्रभाव वनस्पति व प्राणियों पर पड़े मृदा प्रदूषण कहलाता है।

विभिन्न कारणों से भूमि या मृदा के प्राकृतिक स्वरूप में होने वाला ऐसा परिवर्तन जो सजीवों के लिए हानिकारक होता है भूमि प्रदूषण या मृदा प्रदूषण कहलाता है।

मृदा/भूमि प्रदूषण के स्रोत

भूमि को प्रदूषित करने वाले स्रोतों में प्राकृतिक एव मानवीय दोनों ही स्रोत सम्मिलित हैं।

(1) प्राकृतिक स्रोत Natural Source)

विभिन्न प्राकृतिक कारणों से मृदा की गुणवत्ता में ह्रास होता है, इनमें मृदा अपरदन, ज्वालामुखी क्रिया, ...